राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# लोक प्रेरणा

लोहारू से प्रकाशित



प्रेरणास्त्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

RNI No.HARHIN/2022/90426 | वर्ष : 03, अंक: 02 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 2.00 | गुरूवार, 12 जून 2025 | lokparerna@gmail.com | +91-9255149495

# मोदी ने 11 साल में 33 गलतियां की: मल्लिकार्जुन खड़गे

## कहा- इतिहास में पहली बार लगातार दो लोकसभा कार्यकाल से पद खाली

### वोट के लिए गरीबों-युवाओं को मूर्ख बनाते हैं

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र में मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल पर सवाल उठाए हैं। खड़गे ने बुधवार को कहा कि बीते 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 33 गलतियां की हैं। मैं 65 साल से राजनीति में हूं, लेकिन उनके जैसा झूठ बोलने वाला प्रधानमंत्री कभी नहीं देखा। खड़गे ने कहा, 'हम झूठ बोलते हैं, गलतियां करते हैं, वोट लेने के लिए युवाओं और गरीबों को मूर्ख बनाते हैं।

जब हम उनसे सवाल पूछते हैं तो कभी जवाब नहीं देते। वे अपनी गलतियां कभी स्वीकार नहीं करते हैं।

वे सिर्फ बोलते रहते हैं।' बता दें कि नरेंद्र मोदी ने 9 जून 2024 को प्रधानमंत्री के तौर पर अपने तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। मोदी सरकार ने बीते सोमवार को अपने तीसरे कार्यकाल की पहली और कुल मिलाकर 11वीं सालगिरह मनाई। मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।

**खड़गे ने 9 जून को कहा- समाज में नफरत फैलाने की कोशिश जारी**

कांग्रेस अध्यक्ष ने इससे पहले 9 जून को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट के जरिए मोदी सरकार के 11 सरकार के कार्यकाल पर सवाल उठाए थे। उन्होंने लिखा था, 'पिछले 11 सालों में मोदी सरकार ने भारतीय लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुंचाया है। मोदी सरकार ने संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की स्याही रगड़ने में गंवाए हैं!'



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में हुए रेल हादसे को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा, 'जब मोदी सरकार 11 साल की सेवा का जश्न मना रही है, तब देश की हकीकत मुंबई से आ रही दर्दनाक खबर में दिखती है, जहां ट्रेन से गिरकर कई लोगों की मौत हो गई।' राहुल ने पर लिखा, 'भारतीय रेल करोड़ों की जिंदगी की रीढ़ है, लेकिन आज असुरक्षा, भीड़ और अव्यवस्था की प्रतीक बन चुकी है। मोदी सरकार के 11 साल- न जवाबदेही, न बदलाव, सिर्फ प्रचार। सरकार 2025 पर बात करना छोड़, अब 2047 के सपने बेच रही है।

**राहुल गांधी का पीएम मोदी को लेटर, 2 मांगें उठाई, स्कॉलरशिप समय पर मिले**

**दलित, ओबीसी स्टूडेंट्स के हॉस्टल में सुधार हो**

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने छात्रों की समस्याओं को लेकर पीएम मोदी को लेटर लिखा। जिसमें राहुल ने हॉस्टल में होने वाली असुविधाओं का जिक्र किया। राहुल ने बताया कि वे पिछले महीने बिहार में अंबेडकर हॉस्टल गए थे,

जहां स्टूडेंट ने इन समस्याओं को जिक्र किया था। राहुल ने इसके अलावा छात्रों को मिलने वाली स्कॉलरशिप का मुद्दा भी उठाया। राहुल ने लिखा कि दलित, एसडी, इकोनॉमिक बैकवर्ड क्लास, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के स्टूडेंट को मिलने वाली स्कॉलरशिप में देरी न हो। उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप पाने वाले दलित छात्रों की संख्या लगभग आधी हो गई है। 2023 में ये 1.36 लाख थी, जो 2024 में घटकर

## मोदी सरकार 2025 छोड़कर 2047 के सपने बेच रही: राहुल गांधी



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में हुए रेल हादसे को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा, 'जब मोदी सरकार 11 साल की सेवा का जश्न मना रही है, तब देश की हकीकत मुंबई से आ रही दर्दनाक खबर में दिखती है, जहां ट्रेन से गिरकर कई लोगों की मौत हो गई।' राहुल ने पर लिखा, 'भारतीय रेल करोड़ों की जिंदगी की रीढ़ है, लेकिन आज असुरक्षा, भीड़ और अव्यवस्था की प्रतीक बन चुकी है। मोदी सरकार के 11 साल- न जवाबदेही, न बदलाव, सिर्फ प्रचार। सरकार 2025 पर बात करना छोड़, अब 2047 के सपने बेच रही है।

देश आज क्या झेल रहा है, ये कौन देखेगा?' दरअसल, 9 जून को मुंबई के मुंब्रा रेलवे स्टेशन के नजदीक चलती लोकल ट्रेनों से 10 यात्री नीचे गिर गए। इनमें से 4 की मौत हो गई, जबकि 13 घायल हो गए। रेलवे के मुताबिक, ये यात्री संभवतः ट्रेनों के फुटबोर्ड से लटके हुए थे। विपरीत दिशा में दो ट्रेनों के नजदीक से गुजरने के समय उनके बैग एक-दूसरे से टकरा गए, जिससे यह हादसा हुआ।

पीएम बोले- सरकार ने लोगों की जिंदगी आसान बनाई केंद्र में सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर एक वीडियो पोस्ट किया था। साथ ही उन्होंने लिखा, 'हमारी सरकार की योजनाओं के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ जन-जन का कल्याण हो रहा है। हमने पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ लोगों की जिंदगी आसान बनाने की कोशिश की है।' उन्होंने पर #11ीं१२डारी५ं लिखकर इसकी जानकारी देते हुए कहा, 'आपके विचार सबसे ज्यादा मायने रखते हैं! ठंटङ्क अस्त्रस्त्र पर इस सर्वे में हिस्सा लीजिए और हमें बताइए कि आप पिछले 11 सालों में भारत की विकास यात्रा को किस तरह देखते हैं।'

## दिल्ली में बम धमाके की कॉल से मचा हड़कंप

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

दक्षिण-पश्चिम जिले के वसंत कुंज इलाके में मंगलवार देर रात एक होटल में बम धमाके की कॉल से हड़कंप मच गया। कॉलर ने बताया कि एक पाकिस्तानी महिला दिल्ली में बम विस्फोट की साजिश रच रही है और दिल्ली में एक दुकान भी चला रही है। यह सूचना मिलने के बाद तुरंत स्थानीय पुलिस और कंट्रोल रूम हरकत में आ गए। पुलिस के मुताबिक यह पीसीआर कॉल रात 3:25 बजे वसंत कुंज नॉर्थ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आई। कॉल हेड कांस्टेबल अमित कुमार द्वारा फॉरवर्ड की गई, जिसमें बताया गया कि कॉलर बेंगलुरु से है और उसने इंद्रा इंटरनेशनल होटल, एयरपोर्ट के पास वसंत कुंज का नाम लेते हुए धमाके की साजिश की आशंका जताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और होटल की बारीकी से तलाशी ली गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधि नहीं पाई गई। जांच के दौरान जब पुलिस ने कॉलर से संपर्क करने की कोशिश की तो एक बार उसने फोन उठाया और सिर्फ इतना कहा कि उसने दिल्ली में खतरे की सूचना देने के लिए कॉल की थी। इसके बाद उसने फोन बंद कर दिया। फिलहाल कॉल की सच्चाई की पुष्टि नहीं हो पाई है। यदि कॉलर का फोन दोबारा चालू होता है तो पुलिस उसकी जानकारी की पुनः जांच करेगी।

## दिल्ली सरकार ने 3.45 लाख से ज्यादा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए: स्वास्थ्य मंत्री

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने अब तक प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और वय वंदना योजना (वीवीवाई) के तहत 3 लाख 45 हजार से ज्यादा स्वास्थ्य कार्ड जारी कर चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इनमें से एक लाख 67 हजार कार्ड वय वंदना योजना के तहत दिल्ली के वरिष्ठ नागरिकों को जारी किए गए हैं।

## दिल्ली में पारा 45 डिग्री के पार, अलर्ट जारी

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। कई इलाकों में बुधवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार से गर्मी से थोड़ी राहत मिलने का पूर्वानुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को भी इसी तरह के मौसम की उम्मीद जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। गुरुवार तक दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी। हालांकि, 13 जून की रात और 14 जून को पश्चिमी विक्षोभ के कारण हल्की बारिश होने की संभावना के साथ गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। मौसम



विभाग के बुधवार दोपहर 2 बजे जारी बुलेटिन के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी और तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। भीषण गर्मी के साथ ही राजधानी में हवा में नमी की मात्रा सुबह के समय 39 प्रतिशत रही। वहीं, दक्षिण-पश्चिमी शुष्क हवाओं के कारण गर्मी और ज्यादा असहनीय हो गई है। मौसम विभाग ने बताया कि 12-16 जून के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा तथा 12-14 जून के दौरान कोंकण और गोवा में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है।

## एक जुलाई से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए अनिवार्य होगा आधार प्रमाणीकरण

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

भारतीय रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं ताकि टिकट बुकिंग में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके। एक जुलाई से आईआरसीटीसी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। इसके अलावा 15 जुलाई से ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य होगा।

रेल मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली में कई बदलाव किए हैं। पहला, ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। दूसरा, पीआरएस काउंटर्स और अधिकृत एजेंटों के माध्यम से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। तीसरा, अधिकृत टिकटिंग एजेंटों को बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं होगी। मंत्रालय के अनुसार, इन बदलावों का उद्देश्य तत्काल टिकट बुकिंग में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना है ताकि वास्तविक यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। भारतीय रेलवे ने सभी यात्रियों से इन बदलावों का ध्यान रखने और अपने आईआरसीटीसी उपयोगकर्ता प्रोफाइल के साथ आधार लिंक करने का आग्रह किया है।




## पीयूष गोयल ने स्विट्जरलैंड के उद्योगपतियों से भारत के 11 साल के विकास पर की चर्चा



**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

भारत के केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योगमंत्री पीयूष गोयल ने स्विटजरलैंड के खूबसूरत शहर बर्न की दो दिवसीय सफल यात्रा का समापन, गर्मजोशी, मधुर यादों और नई साझेदारियों के साथ किया। गोयल ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, '' भारत की विकास कहानी में स्विस उद्योग जगत के नेताओं और प्रमुख हितधारकों की जिज्ञासा, रुचि और विश्वास से बेहद प्रभावित हूं। आगे रोमांचक अवसर हैं।'' पीयूष गोयल ने एक्स पर लिखा, ''स्विसमेम उद्योग दिवस पर अलग-अलग इंडस्ट्री से जुड़े 1,000 से अधिक स्विस उद्यमियों के सम्मेलन को संबोधित करना मेरे लिए सम्मान की बात रही। मेरे साथ स्विस फेडरल काउंसलर पर्मेलिन जी भी शामिल हुए। उन्होंने पिछले 11 वर्ष में प्रौद्योगिकी, नवाचार और व्यापार के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान करने के मामले में भारत के उल्लेखनीय परिवर्तन को उजागर करने के अवसर का लाभ उठाया। 'केंद्रीयमंत्री गोयल ने लिखा, '' स्विस उद्योग जगत को भारत में विकास और निवेश के लिए अद्वितीय अवसरों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने भारत के कुशल और प्रतिभाशाली कार्यबल और सुविधाजनक व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाया। अब भारत-स्विस संबंधों का नया मजबूत अध्याय शुरू हो रहा है। इस सम्मेलन की प्रमुख भागीदार हेलेन बुडलिगर अर्टिडा ने गोयल की एक्स पोस्ट को जस का तस अपने एक्स हैंडल पर साझा किया। उल्लेखनीय है स्विसमेम स्विट्जरलैंड के मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग उद्योगों (एमईएम उद्योगों) और संबंधित प्रौद्योगिकी-उन्मुख क्षेत्रों का प्रमुख संघ है।

## एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग फिर स्थगित

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य एस्ट्रोनॉट्स के लिए अंतरिक्ष स्टेशन तक की ऐतिहासिक यात्रा को एकबार फिर स्थगित कर दिया गया । आज एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग होनी थी। लॉन्चिंग वाहन में रिसाव के चलते इसे फिर स्थगित कर दिया गया है। इसरो प्रमुख डॉ. वी नारायणन ने यह जानकारी एक्स पर दी। डॉ. नारायणन ने कहा कि आईएसएस पर पहले भारतीय गगनयात्री भेजने के लिए 11 जून को लॉन्च होने वाले एक्सिओम-4 मिशन को स्थगित कर दिया गया है। फाल्कन 9 लॉन्च वाहन के बूस्टर चरण के प्रदर्शन को मान्य करने के लिए लॉन्च वाहन की तैयारी के हिस्से के रूप में, लॉन्च पैड पर सात सेकंड का हॉट टेस्ट किया गया। परीक्षण के दौरान प्रणोदन बे में रिसाव का पता चला था। इसरो टीम ने एक्सिओम-4, स्पेसएक्स के विशेषज्ञों के साथ इस विषय पर चर्चा के आधार पर लॉन्च के लिए मंजूरी देने से पहले रिसाव को ठीक करने और आवश्यक सत्यापन परीक्षण करने का निर्णय लिया। इसलिए आईएसएस पर पहली बार भारतीय गगनयात्री भेजने के लिए 11 जून को होने वाले एक्सिओम-4 के प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एक्सिओम-4 मिशन को पहले भी तीन बार टालना पड़ा है। अंतरिक्षयात्रियों को 29 मई को रवाना होना था।



## कोरोना के एक्टिव मामलों का संख्या सात हजार के पार

**नई दिल्ली**

देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या सात हजार के पार चली गई है। बुधवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 306 नए मामले सामने आए। इसके साथ ही देशभर में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 7,121 हो गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में छह मौतें दर्ज की गईं। छह मौतों में से तीन केरल से, दो कर्नाटक से और एक महाराष्ट्र से दर्ज की गई। वहीं इस दौरान 929 लोग कोरोना से ठीक भी हुए हैं।

अगर बात राज्यों की करें तो केरल में सबसे ज्यादा 2,223 सक्रिय मामले हैं। पिछले 24 घंटे में 170 नए मामलों के साथ यहां सबसे ज्यादा नए संक्रमण मामले भी दर्ज किए गए। गुजरात में 114 नए मामले सामने आए, जिससे यहां सक्रिय संख्या 1,223 हो गई है। दिल्ली में भी कोरोना मामलों में वृद्धि देखी गई।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील में फंसा पेंच, अमेरिकी दबाव को मानने से भारत का इनकार

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील में कुछ मुद्दों को लेकर मामला फंसता नजर आ रहा है। भारत और अमेरिका के प्रतिनिधियों के बीच 4 से 10 जून के बीच दिल्ली में आपसी व्यापार से जुड़े सभी मुद्दों पर विस्तार से बातचीत हुई। इसके बाद अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के कुछ सदस्य वापस लौट गए, जबकि कुछ सदस्यों की अभी भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल से बातचीत जारी है। बताया जा रहा है कि एग्रीकल्चर, डेयरी, मेडिकल और डिजिटल सर्विसेस को लेकर भारत ने अमेरिका की मांग को पूरी तरह से ठुकरा दिया है। अमेरिका इन सेक्टर्स को ओपन करने का दबाव बना रहा है लेकिन भारत ने ऐसा करने से साफ इनकार कर दिया है। भारतीय पक्ष का मानना है कि दोनों देशों के बीच होने वाली ट्रेड डील पूरी तरह संतुलित होनी चाहिए, जिससे दोनों देशों के हितों का



परस्पर ध्यान रखा जा सके। भारत और अमेरिका दोनों देश डोनाल्ड ट्रंप की सरकार द्वारा शुरू की गई टैरिफ पॉलिसी को ध्यान में रखते हुए ट्रेड डील करना चाहते हैं। फिलहाल डोनाल्ड ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ पर 8 जुलाई तक के लिए रोक लगा दी है। यही कारण है कि दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल 8 जुलाई के पहले ट्रेड डील को आखिरी रूप दे देना चाहते हैं, ताकि दोनों देशों के बीच होने वाले परस्पर कारोबार पर कोई असर न पड़े। ट्रेड डील को लेकर शुरू हुई बातचीत में अमेरिकी पक्ष पहले से ही डेयरी और एग्रीकल्चर सेक्टर को ओपन करने का दबाव बना रहा है। दूसरी ओर, भारत ने इन क्षेत्रों को संवेदनशील मानते हुए खोलने से इनकार कर दिया है। भारतीय पक्ष का मानना है कि अगर डेयरी और एग्रीकल्चर जैसे सेक्टर्स को पूरी तरह से ओपन कर दिया जाता है, तो इससे इन सेक्टर्स में विदेशी कंपनियों के साथ होने वाली प्रतिस्पर्धा को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाएगा, जिससे भारतीय कारोबारियों को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। जानकारों का कहना है कि भारत द्वारा इन सेक्टर्स को ओपन करने से साफ-साफ इनकार कर देने की वजह से भारत-अमेरिका ट्रेड डील के बीच गतिरोध की स्थिति बन गई है। अमेरिका का कहना है कि अगर भारत इन सेक्टर्स को ओपन करने के लिए तैयार नहीं होता है, तो फिर दोनों देशों के बीच ट्रेड डील नहीं हो सकती है। जानकारों के मुताबिक अमेरिकी पक्ष एग्रीकल्चर गुड्स और डेयरी प्रोडक्ट्स पर ड्यूटी में भारत की ओर से तो बड़ी कटौती की मांग कर रहा है, लेकिन इसके बदले वो उत्पादों को अमेरिकी बाजार में आसान एंट्री देने के लिए तैयार नहीं है। बताया जा रहा है कि बातचीत के दौरान अभी तक दोनों पक्ष ट्रेड डील को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने की बात पर तो सहमति जता रहे हैं, लेकिन जिन मुद्दों पर गतिरोध बना हुआ है, उन पर अभी रास्ता निकलता नहीं दिख रहा है।

हालांकि दावा किया जा रहा है कि 8 जुलाई के पहले कोई ना कोई रास्ता निकाल लिया जाएगा, जिससे दोनों देशों के बीच ट्रेड डील को अंतिम रूप दिया जा सके।

# श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर सजाया महान नगर कीर्तन

## जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों से गूंजी धर्मनगरी

एकजोत
**कुरुक्षेत्र।** मीरी-पीरी के मालिक धन-धन साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व पर महान नगर कीर्तन ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से सजाया गया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया एवं पंज प्यारों की अगुवाई में सजाए गए इस महान नगर कीर्तन के दौरान बोले सो निहाल सत श्री अकाल और शब्द कीर्तन की गूंज सुनाई देती रही। नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाने और सेवा करने के लिए संगत की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर कीर्तन से पहले गुरु चरणों अरदास की गई और हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा, कार्यकारिणी समिति मैंबर कुलदीप सिंह मुल्तानी, मैंबर इंदरजीत सिंह,





हरमनप्रीत सिंह, बलदेव सिंह हाबड़ी, गुरनाम सिंह लाडी व भूपिंदर सिंह लाडी, बीबी करतार कौर, बीबी जसबीर कौर मसाना, पूर्व कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना, पूर्व प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना, पूर्व मैंबर बेअंत सिंह, सुखजिंदर सिंह मसाना सहित भारी गिनती में संगत ने गुरुद्वारा साहिब में श्री दरबार साहिब में हाजिरी भरी। संगत को संबोधित करते हुए हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने आह्वान किया कि सभी एकजुट होकर सेवा भाव से गुरु घर के लिए सहयोग करें। अपने बच्चों को नितनेम से जोड़ने के साथ-साथ ऐतिहासिक दिनों के इतिहास की पूरी जानकारी उन्हें दें। उन्होंने कहा कि हम सब को अपने बच्चों को ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन भी करवाने चाहिए। बच्चों को दस्तार एवं गुरबाणी के महत्व से अवगत करवाना चाहिए।

**संगत को पिलाया ठंडा मीठा शरबत**

इसके उपरांत धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से गुरु चरणों में अरदास के साथ महान नगर कीर्तन की शुरूआत शब्द कीर्तन और बोले सो निहाल सत श्री अकाल की गूंज के साथ हुई। भाई गुरदास सिंह ने गुरु चरणों में अरदास की।

भारी गिनती में संगत ने फूलों से सुसज्जित श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की पालकी साहिब के समक्ष शीश नवाया। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब से जैसे ही श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया और पंज प्यारों की अगुवाई में महान नगर कीर्तन आरंभ हुआ, तो नतमस्तक होने के लिए संगत का हजूम उमड़ पड़ा। नगर कीर्तन में यूपी, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश और हरियाणा के अलग-अलग जिलों की संगत विशेष रूप से शामिल हुई, जबकि कुरुक्षेत्र जिला की संगत ने भी उत्साहपूर्वक परिवार समेत गुरु साहिब के समक्ष हाजिरी भरी तथा विभिन्न स्थानों पर ठंडे पानी, जलजीरा, कुल्फी और अन्य खाद्य पदार्थों के स्टाल लगाकर सेवा की। यह नगर कीर्तन रेलवे रोड, कुटिया वाली गली, गुलजारी लाल नंदा मार्ग, थानेसर बस स्टैंड सहित अन्य कई स्थानों से होते हुए गुरुद्वारा साहिब में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर संगत ने रंग बिरंगी आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। उधर आमजन और संगत को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए यातायात प्रबंध का मोर्चा स्वयं हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के कर्मचारियों ने संभाले रखा। नगर कीर्तन के साथ-साथ पूरे यातायात को सुचारु ढंग से चलाने और पंकितबद्ध संगत को लेकर चलने के लिए एचएसजीएमसी की टीम ने देरसायं तक यातायात की बागडोर संभाल कर रखी।

# ज्योतिषविद् मीनाक्षी शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



एकजोत
**कुरुक्षेत्र।** चतुर्थ अखिल भारतीय ज्योतिष समागम ऋषिकेश में 6 जून से 8 जून तक चतुर्थ अखिल भारतीय ज्योतिष समागम हुआ, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से विद्वान ज्योतिषियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में ज्योतिष से सबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में क्राइम पेट्रोल में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाने वाले अभिनेता गुलशन पांडे, आई.आई.एम. टी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर शामिल थे। इसमें लगभग 100 ज्योतिषविदों ने भाग लिया। चतुर्थ अखिल भारतीय ज्योतिष समागम में कुरुक्षेत्र से ज्योतिषविद् मीनाक्षी शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कुरुक्षेत्र से ज्योतिषविद मीनाक्षी शर्मा, मीना कुमारी, सवीना सैनी ने भाग लिया। इसमें ज्योतिष चर्चा के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति हुई।

# स्वामी गुरदीप गिरी महाराज का पिपली में संगत ने किया स्वागत



एकजोत
**कुरुक्षेत्र।** स्वामी गुरदीप गिरी महाराज ने शुक्रताल, उत्तर प्रदेश में शिरोमणी सतगुरु रविदास महाराज जी के सत्संग में भाग लेने के बाद पठानकोट लौटते समय पिपली में संगत को दर्शन देने के लिए ठहरे। स्वामी जी के दर्शन का इंतजार कर रही संगत ने उनका भव्य स्वागत पुष्प मालाओं से किया, जिसमें नौरंग राम, राजिन्द्र सिंह, दलबीर सिंह, रामदिया, महिपाल, रामकुमार राहुल, शेर सिंह अम्बाला और डॉ. जरनैल रंगा शामिल थे। स्वामी जी ने संगत को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह संगत का प्यार है जो हमें यहां खींच लाया है उन्होंने सत्संग के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह मिलन एक आध्यात्मिक अनुभव है, जो आत्मिक समर्पण और भाईचारे को प्रोत्साहित करता है। स्वामी जी की उपस्थिति ने घटनास्थल पर उत्साह का माहौल पैदा किया और सभी संगत ने उनके चरणों में आशीर्वाद प्राप्त किया।

# इंडी सेंसेशन इक्लिप्स नोवा ने निमार्ता हितेन के साथ अपने नए ट्रैक 'सांवरिया' का जादू बिखेरा



# 54.73 ग्राम स्मैक के मामले में दूसरा आरोपी गिरफतार

लोक प्रेरणा
**करनाल।** बीती शाम जिला पुलिस की एंन्टी नारकोटिक सेल के इन्चार्ज उप निरीक्षक श्री हिम्मत सिंह की अध्यक्षता मे गुप्त सुचना के आधार पर आरोपी.. इंसार पुत्र हाशिम निवासी गांव बिसाल हेडा थाना नक्कुड, जिला सहारनपुर, उतर प्रदेश को गिरफतार किया गया।
इस संबंध में एंटी नारकोटिक सेल इंचार्ज ने बताया कि इस मामले में मोहसीन पुत्र वासीन निवासी गांव विसालेहेडा थाना नक्कुड, जिला सहारनपुर, उतर प्रदेश को 54.73 ग्राम स्मैक सहित गिरफतार कर माननीय न्यायालय से दो दिन का रिमांड मंजूर किया गया था। इस सबंध मे आरोपी के खिलाफ एन.डी.पी.एस.एक्ट की धाराओ के तहत थाना कुंजपुरा मे मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से गहनता से पूछताछ में खुलासा हुआ था कि वह उसके दूसरे साथी इंसार पुत्र हाशिम से नशे की इस खेप को खरीदकर लाया था। जिसे आज टीम द्वारा गिरफ्तार कर माननीय अदालत के सामने पेश किया गया। व इस मामले मे आरोपियों के अन्य साथियों का पता लगाने हेतु गहनता से पूछताछ के लिए मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# गर्मी में हीट वेव से करें बचाव, बरतें एहतियात : नेहा सिंह

लोक प्रेरणा
हरियाणा वाटिका/एकजोत
**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। जिला प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें। उपायुक्त नेहा सिंह ने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से बचे रहें। उन्होंने बताया कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढंक कर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। उन्होंने कहा कि पार्किंग के समय बच्चों को वाहनों में छोडकर न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलिहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन ना करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 3 बजे के बीच धूप में सीधे ना जाएं। यदि बच्चे को उल्टी, घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।

# सोमवीर बने कलाली के कार्यवाहक सरपंच

लोक प्रेरणा
**सिवानीमंडी,।** खंड के गांव कलाली का सरपंच पद रिक्त होने के चलते अब ग्राम पंचायत के नए कार्यवाहक सरपंच के रूप में सोमवीर सिंह चुने गए हैं उनको 5 वोट अधिक मिले । इस बारे में जानकारी देते हुए बीडीपीओ अमित कुमार तक्षक ने बताया कि पिछले कई दिनों से कलाली गांव का सरपंच पद रिक्त था। ऐसे में पंचों में चुनाव करवाया गया जिसमें सोमवीर सिंह पांच पंचों को अपने पक्ष में अधिक लेकर कार्यवाहक सरपंच चुने गए । उन्होंने बताया कि अब ग्राम पंचायत में सरपंच का कार्यभार सोमवीर सिंह देखेंगे।

# पक्षियों के लिए किया दाने व पानी का प्रबंध

## बेजुबान पक्षियों के लिए दाने व पानी का प्रबंध करना बेहद जरूरी कार्य : आशीष चक्रपाणि



एकजोत
**कुरुक्षेत्र।** एमएसजी डेरा सच्चा सौदा एवं मानवता भलाई केंद्र पिहोवा बेजुबान पक्षियों के लिए दाने व पानी के लिए सकोरे बांधे गए। इस दौरान नगर पालिका पिहोवा के चेयरमैन आशीष चक्रपाणि बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। वहीं डीएसपी पिहोवा निर्मल सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम मे बतौर विशिष्ट अतिथि पिहोवा के युवा समाजसेवी व युवा भाजपा नेता विंकल शर्मा पहुंचे। इनके अलावा अनाज मंडी प्रधान नवीन गर्ग, भाजपा मंडल अध्यक्ष गीता शर्मा व परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष इंद्रजीत शर्मा ने भी विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर ब्लॉक प्रेमी सेवक संतोष सुरमी, देवीलाल बारना, 85 मैबर जिंदर थाना, 85 मैंबर लाभ सिंह, संदीप अग्रवाल, संगम सैनी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया व स्मृति चिह्न भेंट किए। इस दौरान नगर पालिका पिहोवा के प्रधान आशीष चक्रपाणि ने गर्मी के मौसम मे बिना पानी व दाने के अनेक पक्षी मर जाते हैं। ऐसे मे पक्षियों के लिए दाने व पानी का प्रबंध कर डेरा सच्चा सौदा की साध संगत ने सराहनीय कार्य किया है। उन्होने कहा कि गर्मी के मौसम मे हर किसी को पक्षियों के लिए अपने घर की छतों व पेडों के नीचे मिट्टी के बर्तन रख कर उनमे पानी व दाना डालना चाहिए। युवा भाजपा नेता विंकल शर्मा ने कहा कि डेरा सच्चा सौदा की साध संगत सेवा कार्य करती रहती है। उन्होने कहा कि साध संगत द्वारा पक्षियों के लिए सकोरे रखना सराहनीय काम है। अनाज मंडी पिहोवा के प्रधान नवीन गर्ग ने कहा कि डेरा श्रद्धालु हर वर्ष इस प्रकार का कार्य करते हैं जोकि सराहनीय है। तपती गर्मी मे पक्षियों के लिए दाने व पानी का प्रबंध करना बहुत ही सराहनीय काम है। इस दौरान नगर पालिका के उपप्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र ढींगरा, अनाज मंडी उपप्रधान चंद्रगुप्त मंगला, जसविंद्र सिंह, राकेश पुरोहित, बलबीर रंगा, रोबिन गर्ग, प्रेमी सेवक शहरी अशोक, कश्मीर सिंह, मा. हंसराज, लक्ष्मण दास, जयपाल, श्यामलाल, वासुदेव, पुलकित गर्ग सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में स्टाफ की कमी पूरा करने की मांग, एनएसयूआई ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

## महाविद्यालय में स्टाफ की कमी के कारण छात्राओं की पढ़ाई हो रही है बाधित



लोक प्रेरणा
**लोहारू।** स्थानीय सावित्रीबाई फुले राजकीय महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी से छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षकों की कमी का खामियाजा छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी महाविद्यालय व विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्राओं के भविष्य को देखते हुए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। कस्बा स्थित सावित्रीबाई फुले राजकीय महाविद्यालय में स्टाफ की कमी को पूरा किए जाने की मांग को लेकर एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों ने बुधवार को विधायक राजबीर फरटिया को मांगपत्र सौंपा तथा स्टाफ की कमी के कारण छात्राओं की पढ़ाई पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को रेखांकित किया।
मांगपत्र सौंपते हुए एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने कहा कि लोहारू के राजकीय महाविद्यालय शिक्षण स्टाफ की कमी की समस्या बनी हुई। जिसका सीधा असर छात्राओं की शिक्षा पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शैक्षिक कर्मचारी नाममात्र के ही है, जिससे वहां पढने. वाली छात्राओं का पाठ्यक्रम समय अनुसार पूरा नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए सरकार और प्रशासन को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही लांग्यान ने कहा कि महाविद्यालय में चारदीवारी, खेल मैदान तथा कैंटीन की सुविधा भी नहीं है। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ने विधायक को मांगपत्र सौंपते हुए कहा कि उपरोक्त समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाना चाहिए, ताकि छात्राएं अपनी पढ़ाई सुचारू रख सकें। समस्या सुनने के बाद विधायक राजबीर फरटिया ने एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे इस मुद्दे को सरकार के समक्ष उठाएंगे और जल्द ही इसका समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर एनएसयूआई के अनेक छात्र नेता मौजूद रहे।

# कबीर की शिक्षाएं आदर्श इंसान बनाने के लिए प्रेरित करती हैं: मनोज गौतम

## सामाजिक कुरीतियों के प्रखर आलोचक थे कबीर दास: मनोज गौतम




लोक प्रेरणा
**महेन्द्रगढ़।** कबीर दास समाज में फैली कुरीतियों और सामाजिक बुराइयों के बड़े आलोचक थे। उन्होंने इंसान को सही अर्थों में इंसान बनाने के लिए जीवन भर प्रयास किया।संत कबीर बहुत अच्छे विचारक और उच्च कोटि के कवि रहे।उन्होंने अपनी भाषा सरल और सुबोध रखी ताकि वह आम आदमी तक पहुंच सके। कबीर साहेब को शांतिमय जीवन प्रिय था और वे अहिंसा,सत्य,सदाचार आदि गुणों के प्रशंसक थे। अपनी सरलता,साधु स्वभाव तथा संत प्रवृत्ति के कारण आज विदेशों में भी उनका समादर हो रहा है। कबीर साहेब सिर्फ मानव धर्म में विश्वास रखते थे। उक्त विचार सवेरा स्वयंसेवी संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मनोज गौतम ने सतनाली मोड़ महेंद्रगढ़ स्थित जीआर इंस्टिट्यूट कैंपस में हारट्रोन स्किल सेंटर फॉर कंप्यूटर एजुकेशन एंड ट्रेनिंग के सभागार में कबीर जयंती के अवसर पर व्यक्त किए।
इस अवसर पर मोनिका जून, नेहा,पूनम यादव एवं अन्य विद्यार्थियों ने कबीर के दोहे सुनाकर उनकी शिक्षाओं का वर्णन विस्तार से किया। कार्यक्रम में करण, नरेश, हिमेश, रोहित, जोगेंद्र, अमित, सारिका,अंतिम, शिवानी आदि काफी संख्या में विद्यार्थियों ने सत कबीर दास के दोहे सुनाएं।

# पेयजल समस्या को लेकर दिया धरना, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर करवाया समाधान

लोक प्रेरणा
**सिवानीमंडी।** बिधवान गांव के जलघर पर अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में गांव के ग्रामीणों ने दिया धरना जिसमें महिलाओं ने भी भाग लिया। जानकारी के अनुसार पिछले काफी दिनों से गांव में काफी जगह पीने का पानी नहीं आ रहा था जिसकी शिकायत कई बार अधिकारियों से की गई परन्तु समस्या का समाधान नहीं हुआ। परेशान होकर गांव के लोगों ने जलघर पर धरना दिया व जलघर के कर्मचारियों के घेराव के लिए पहुंचे तो सूचना मिलते ही महकमे के जेई दीपक कुमार धरना स्थल पर पहुचे। ग्रामीणों ने उनकी बात सुनने से मना कर दिया और साफ कहा की जब तक उनके घरों में पानी नहीं पहुंचेगा तब तक वो जेई को वहां से नहीं जाने देंगे और उनका घेराव करके वहीँ बैठ गए। इस बारे में किसान नेता दयानन्द पूनिया ने बताया कि इसकी सूचना मिलने पर झुम्पा चौकी इंचार्ज जसवंत सिंह वहां पर पहुंचे और उसके बाद थाना प्रभारी सिवानी भी मौके पर पहुंचे और महकमे के उच्च अधिकारियों से फोन पर बात हुई और उसके बाद पर लाइन के बाल बदलकर पानी की व्यवस्था की । उन्होंने बताया कि पानी सप्लाई के वाल पिछले काफी समय से खराब पड़े थे। धरने को किसान सभा के नेता दयानन्द पूनिया, सुकरम जागलान, महाबीर फौजी, महाबीर कुलडिया, फुलसिहं, रुघुबीर, बलजीत, नरेश आदि ने सम्बोधित किया।

# सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) ने शुरू की पॉलिथीन हटाओ, पर्यावरण बचाओ मुहिम



एकजोत
**शाहाबाद मारकंडा।** सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) ने राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बराड़ा में हरित भारत, हरित धरा अभियान के अंतर्गत पॉलिथीन हटाओ, पर्यावरण बचाओ मुहिम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम आई हेट पॉलिथीन मुहिम की राष्ट्रीय संयोजिका पूजा अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पूजा अग्रवाल ने कहा कि प्रकृति ने हमें वे सभी संसाधन और सुविधाएं प्रदान की हैं, जो एक सुखी जीवन के लिए आवश्यक हैं। हमें बिना किसी मूल्य के प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं। इसलिए, यह हमारा कर्तव्य है कि हम पॉलिथीन का उपयोग बंद कर- के प्रकृति को स्वच्छ और सुरक्षित रखें। सभी को इस मुहिम में एकजुट होकर योगदान देना होगा, तभी हम पॉलिथीन के उपयोग को पूरी तरह समाप्त कर पाएंगे। सेवा ट्रस्ट यूके हरियाणा के प्रधान पवन पराशर और सदस्य बलजिंदर कुमार ने सभी महिलाओं को पॉलिथीन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई। ट्रस्ट ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पॉलिथीन के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से हरियाणा के दस जिलों में अभियान चलाने का संकल्प लिया, ताकि समाज को प्रकृति की रक्षा के लिए प्रेरित किया जा सके। कार्यक्रम में ट्रस्ट ने को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की ओर से सभी महिलाओं को डाबर रियल जूस उपहार स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर कर्ण सिंह, जितेंद्र कुमार, मदन धीमान, वॉलंटियर लक्ष्य धीमान, वॉलंटियर हर्षिता शर्मा व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# बिल माफी अंत्योदय स्कीम के तहत विभिन्न गांवों में 20 जून तक लगेंगे कैंप- कैंप के आयोजन के लिए बिजली निगम के एसडीओ ने दिए जरूरी निर्देश

लोक प्रेरणा
**लोहारू।** अंत्योदय स्कीम के तहत बिल माफी योजना को लेकर बिजली विभाग द्वारा 12 जून से 20 जून तक विभिन्न गांवों में कैप लगाएं जाएंगे। विभाग द्वारा लगाए जाने वाले कैंप में सरकार द्वारा बिल माफी अंत्योदय स्कीम के तहत बिजली उपभोक्ता इसका लाभ उठा सकते हैं। कैंप लगाने के लिए बिजली निगम के एसडीओ मनोज कुमार ने कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए हैं।
बिजली निगम एसडीओ मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार बिल माफी अंत्योदय स्कीम के तहत 12 जून को गांव दमकौरा, 13 जून को बिसलवास, गागड़वास, 16 व 20 जून को फरटिया केहर, फरटिया भीमा में कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों को हिदायत दी गई हैं। सरकार की इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं व सौर ऊर्जा के बारे में जानकारी दी जाएगी जिसमें हरियाणा सरकार व प्रधानमंत्री सौर ऊर्जा स्कीम की जरूरी जानकारी दी जाएगी। कैंप लगाने के लिए बिजली निगम की टीम संबंधित गांवों के सार्वजनिक स्थान पर सुबह दस बजे पहुंचेगी। जिसमें बिजली उपभोक्ता इस स्कीम का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि सरकार द्वारा जनहित में जो योजनाएं हैं उसमें ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाया जा सकता है। जिन उपभोक्ताओं के पुराने कनेक्शन काटे हुए हैं व अपने सरचार्ज माफी योजना में शामिल होकर के नया कनेक्शन ले सकते हैं इसके अलावा अगर कोई उपभोक्ता स्कीम में शामिल नहीं होता है जिनका कनेक्शन कटा हुआ है और उसके बाद चोरी करता पाया गया तो उसके खिलाफ भूमि अधिग्रहण के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# करप्शन फ्री इंडिया सेमिनार के अंतर्गत होगा ग्लोबल जैम अवॉर्ड समारोह, डॉ. अभिषेक वर्मा के साथ फिल्मी सितारे भी करेंगे शिरकत

लोक प्रेरणा
**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए करप्शन फ्री इंडिया सेमिनार के अंतर्गत ग्लोबल जैम अवॉर्ड समारोह का भव्य आयोजन 15 जून को होटल नूरमहल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर एक बैठक का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर उभरती हुई कलाकार लावण्या ने नरेंद्र अरोड़ा को उनका पोट्रेट बनाकर प्रदान किया। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया आठ वर्षों से भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए संपूर्ण भारतवर्ष में कार्य कर रहा है। फाउंडेशन का उद्देश्य देश के लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करना ओर कानून का पालन करने की प्रेरणा देना है जिसके लिए कई प्रोजेक्ट्स किए जाते हैं और उसी कड़ी में फाउंडेशन द्वारा रविवार 15 जून को नूरमहल होटल में राष्ट्र स्तरीय करप्शन फ्री इंडिया सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत ग्लोबल जैम अवॉर्ड समारोह भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवसेना के राष्ट्रीय मुख्य समन्वयक, गठबंधन एवं चुनाव ओर विश्व प्रसिद्ध बिजनेस टायकून डॉ अभिषेक वर्मा शिरकत करेंगे। सेलिब्रिटी गेस्ट फिल्म अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल, फिल्म अभिनेता रजा मुराद, सुदेश बेरी एवं किशोर भानूशाली होंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर संपूर्ण भारतवर्ष में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहे फाउंडेशन के टॉप लीडर्स को ग्लोबल जैम अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# हरीश बालयोगी ने ऑल पार्टी डेलिगेशन की यूएन यात्रा को सफल बताया, समर्थन की बात कही

**नई दिल्ली।** भारत की ऑल पार्टी डेलिगेशन आतंकवाद पर पाकिस्तान को घेरने के लिए विदेश गई थी। वहां प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बेनकाब करने और 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की गई कार्रवाई के बारे में बताया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाले डेलिगेशन के सदस्य टीडीपी सांसद हरीश बालयोगी ने यूएन यात्रा को सफल बताया।

टीडीपी सांसद हरीश बालयोगी ने कहा, "जब हम संयुक्त राष्ट्र गए थे, तो वहां के लोगों के साथ बातचीत काफी दिलचस्प रही, क्योंकि हमारे पास एक अलग दृष्टिकोण था, वे सवाल पूछने में सक्षम थे और वे समझ पाए कि हमें यह ऑपरेशन क्यों करना पड़ा। जब हम भारतीयों से मिले तो उन्होंने भी कहा कि हम आपके साथ हैं। हम समझ गए हैं कि प्रधानमंत्री को 'ऑपरेशन सिंदूर' क्यों करना पड़ा, पहलगाम में क्या हुआ, हमने जवाबी कार्रवाई क्यों की, क्योंकि 26 लोगों को महिलाओं और बच्चों के सामने गोली मार दी गई थी।"

उन्होंने कहा, "यह कुछ ऐसा था जिसे लोगों ने वास्तव में देखा, यहां तक कि प्रवासी लोगों ने भी हमें यह सब दिखाया, लेकिन साथ ही हमने कांग्रेस के प्रतिनिधि



और सीनेट से मुलाकात की और हमने उन सभी को परिदृश्य समझाया तो वे भी हमारे साथ खड़े रहे और कहा कि आपको जवाब देने का अधिकार है।"

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, "मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छी यात्रा थी। हम सभी इस बात से बहुत खुश थे कि जिन पांच देशों में हम गए थे, वहां हमारा स्वागत किस तरह से हुआ। हमें लगा कि हर जगह हमारे नतीजे अच्छे रहे, हाई क्वालिटी मीटिंग्स हुई। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति, हर जगह बहुत वरिष्ठ वाताकार मिले। साथ ही, हमारी स्थिति के लिए पूरी समझ और समर्थन था कि हमारी प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए। वास्तव में, हमने जिन लोगों से बात की, उनमें से कई ने हमारी प्रतिक्रिया में दिखाए गए संयम के लिए सम्मान व्यक्त किया।

## आदर्श नगर में सामान लेने गई शनि बाजार मैं महिला को सम्मोहन कर लूटी नगदी और सोने के कंगन



**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अब महिलाओं के लिए घर से निकलना खतरे से खाली नहीं हैं। दरअसल आदर्श नगर के शनि बाजार में एक शकुंतला नामक महिला को तीन लड़कों ने सम्मोहन कर लूट लिया।

पीड़ित शकुंतला ने बताया कि घर में बेटे की शादी समारोह का प्रोग्राम नजदीक आ गया है,जिसके चलते वह आदर्श नगर में लगने वाले शनि बाजार गई थी। तभी एक युवक ने पीड़ित शकुंतला से आंखों में आंखें डालकर खाने के लिए कुछ मांगा और उसी दौरान सम्मोहन की तकनीक से पीड़िता जो पहने हुई थी सोने की ज्वेलरी उतरवाने के बाद नगदी में 10 हजार रुपए पीड़िता से लेकर रफू चक्कर हो गए। शकुंतला ने बताया कि जिस समय उसने मेरे से खाने के लिए मांगा, और बोला माताजी कचौड़ी खिला दो भटूरे खिला दो उसके बाद मुझे कुछ होश नहीं कि मेरे साथ हो क्या रहा है। लुटेरों को जाने के बाद पीड़िता को होश आया तो घर बेटे के पास फोन कर बताया की बेटे तू जल्दी आजा मेरे साथ लूट हो गई है।

देखा जाए तो यह घटना राजधानी में बढ़ते अपराधों और महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। इधर पीड़िता के घर उसके बेटे की मंगनी की तैयारी चल रही थी घर के लिए सामान खरीदने निकली महिला को बाजार जाना महंगा पड़ गया। महिलाओं के सोना पहने का शोक कई बार उनके साथ हुई घटना का कारण बन जाता है। फिलहाल पीड़ित ने लूट की शिकायत दर्ज करा दी है,पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस घटनास्थल के सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर लूट के लुटेरों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

# बाबू जगजीवन राम अस्पताल में मोर्चरी के टूटे दरवाजे की महीनों से कोई नहीं ले रहा सुध

**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली जहांगीरपुरी के बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी का ये टूटा हुआ दरवाजा अस्पताल के कोल्ड रूम का है। जहां पर मृत लोगों को सहेज कर रखा जाता है,ताकि जब मृतकों को उनके परिजनों को सौंपा जाए तो उनकी मृत देह सही सलामत रह सके। गुप्त सूत्रों की माने तो यह दरवाजा कई महीनों से टूटा हुआ है जिसके कारण यहाँ मृतकों के शवों को रखने मे एक बड़ी परशानी उत्पन्न हो रही।

इस दरवाजे के टूटने से अंदर के शवों को सुरक्षित नहीं रखा जा सकता और ना ही मृत शरीर के तापमान को नियंत्रित रखा जा सकता है। जहांगीरपुरी के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में इस तरह की लापरवाही के कारण कोई भी बड़ी घटना हो सकती है अगर ऐसा हुआ तो इसका जिम्मेदार कौन होगा अस्पताल प्रशासन या कोई और, देखने वाली बात ये है कि भाजपा राज में इंसानों की तो बात छोड़िए अब मुर्दों की भी इज्जत नहीं बची है। जहां एक तरफ तो दिल्ली सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में किए जा रहे बड़े बदलावों की ओर इशारा करती है,तो वहीं दूसरी ओर इस तरह की लापरवाही से दिल्ली सरकार के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। हैरानी की बात ये




है कि यह अस्पताल दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शालीमार बाग स्थित निवास स्थान से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर है बल्कि कहें कि मुश्किल से मुख्यमंत्री निवास और बाबू जगजीवन राम अस्पताल की दूरी 3 से 4 किलोमीटर की होगी। इतना ही नहीं यह अस्पताल शालीमार बाग विधानसभा, बादली विधानसभा, बुराड़ी विधानसभा, और आदर्श नगर विधानसभा के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करता है। यहां दुर्घटना में मृत हुए शरीर नरेला विधानसभा से भी आते हैं अब देखना ये होगा कि आखिरकार बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी के कोल्ड रूम का यह दरवाजा कितने दिन में ठीक होता है या फिर यह दरवाजा यूँ ही मुंह खोल कर ताकता रहेगा,और कहेगा कि मेरा भी इलाज जल्द करओ वरना मैं भी मुर्दे की तरह लटका रहूंगा।

## दिल्ली-एनसीआर में पांच बांग्लादेशी प्रवासियों पर कार्रवाई, तीन नाबालिग भी शामिल

**नई दिल्ली** । दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को अवैध अप्रवासियों के खिलाफ चल रहे एक विशेष अभियान के तहत पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार इलाके से अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों पर कार्रवाई की। इनमें तीन नाबालिग भी शामिल हैं।

सभी भारत-बांग्लादेश सीमा स्थित नदी के रास्तों से अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और आनंद विहार में छिपकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहे थे।

पूर्वी जिला पुलिस ने अवैध अप्रवासियों की पहचान और उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया था।

## दिल्ली में अवैध बने गोदामों पर चला बुलडोजर, गेहूं की मलबे में दबी कई हजार बोरियां

**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** राजधानी बाहरी दिल्ली के अलीपुर में जिला प्रशासन ने मंगलवार को अवैध रूप से बनाए गए दो गोदामों पर बुलडोजर चला दिया है। इनमें से एक गोदाम निमार्णाधीन था तो वहीं दूसरा गेहूं की बोरियों से भरा हुआ था। दरअसल लगातार कार्रवाई के बावजूद अलीपुर क्षेत्र में कृषि भूमि पर गोदाम निर्माण रूक नहीं पा रहा है।



ओल्ड जीटी करनाल रोड के पास बकौली गांव के पास बने दो गोदामों पर मंगलवार को उत्तरी जिला प्रशासन की टीम ने बुलडोलर चलाया है। गोदाम में अनुमानित तीन से चार हजार गेहूं की बोरियां रखी हुई थीं।कार्रवाई के बाद बड़ी संख्या में बोरियों मलबे में दब कर फट गईं और अनाज बिखर गया। प्रशासन का कहना है कि संचालक को तीन महीने पहले गोदाम खाली करने को कहा गया था। गोदाम खाली नहीं हुआ तो कार्रवाई करनी पड़ी। लगभग चार घंटे चली इस कार्रवाई के दौरान दोनों गोदामों को ढहा दिया गया। इनमें से एक गोदाम में बड़ी संख्या में गेहूं से भरी बोरियां रखी गईं थी। प्रशासन की कार्रवाई के बाद गेहूं से भरी बोरियां मलबे में दब गई। भारी मात्रा में गेहूं खराब हो गया है।

कार्रवाई से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि तीन माह पहले गोदाम मालिक को नोटिस देकर गोदाम खाली करने को कहा गया था। बार-बार कहने के बावजूद गोदाम खाली नहीं किया जा रहा था। गोदाम मालिक ने बताया कि गोदाम में एक फर्म की तीन-चार हजार गेहूं की बोरियां रखी हुई थीं। अलीपुर क्षेत्र का काफी एरिया लैंड पुलिंग के अधीन आता है और उसे लैंड पुलिंग की जगह पर इस तरह कालोनी काटना गोदाम बनाना यह गैरकानूनी है। सालभर के दौरान जिला प्रशासन की ओर से कई बार अवैध निर्माण गिराए भी जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद अवैध रूप से निर्माण थमने का नाम नहीं ले रहा है।

# सोने की कीमत करीब 500 रुपए बढ़ी, चांदी का भाव 1.07 लाख रुपए पहुंचा

**नई दिल्ली,** । सोने और चांदी दोनों की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली और 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 96,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के पार और चांदी की कीमत 1.07 लाख रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 495 रुपए बढ़कर 96,359 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि सोमवार को 95,864 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 88,265 रुपए हो गई है, जो कि पहले 87,811 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 72,269 रुपए हो गया है, जो कि पहले 71,898 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

सोने के साथ चांदी की कीमत में भारी इजाफा देखने को मिला है। बीते 24 घंटे में चांदी की कीमत 1,440 रुपए बढ़कर 1,07,000 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,05,560 रुपए प्रति किलो थी।

एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि निवेशकों द्वारा अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता अपडेट की प्रतीक्षा के कारण सोने की कीमत 3,315-3,320 डॉलर और 97,000 रुपए के आसपास स्थिर रही है। सकारात्मक और एक मजबूत टैरिफ डील सोने को 95,000 रुपए से नीचे की ओर धकेल देगी, जबकि कोई भी असंतुष्ट टिप्पणी कीमत को 98,500 रुपए और 3,360 डॉलर के आसपास ले जा सकती है। आने



वाले सप्ताह में यूएस सीपीआई नंबरों पर भी निवेशकों की निगाहें हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। खबर लिखे जाने तक सोना 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,362.70 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 36.76 डॉलर प्रति औंस पर थी।

1 जनवरी से अब तक 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,197 रुपए या 26.51 प्रतिशत बढ़कर 96,359 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 20,983 रुपए या 24.39 प्रतिशत बढ़कर 1,07,000 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है। इसके अतिरिक्त, त्रिवेदी ने बताया कि पिछले सप्ताह आरबीआई द्वारा 0.50 प्रतिशत की दर में कटौती के कारण रुपया 85.67 के करीब स्थिर होकर सकारात्मक स्तर पर पहुंच गया।

## आजादपुर मंडी में ट्रक से आम की पेटी चोरी करने वाले तीन में से एक को पुलिस ने 24 घंटे भीतर दबोचा

**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिले के थाना महिंद्रा पार्क अंतर्गत आजादपुर चौकी मंडी की पुलिस टीम ने मंडी में ट्रैकों से चोरी करने वाले चोर को चौबीस घंटे के भीतर पकड़ कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। बता दें कि मंडी में बढ़ती चोरी लूटपाट झीना झपटी की वारदातों को देखते हुए,एसीपी रामवीर सिंह लांबा के आदेश अनुसार थाना प्रभारी विजय सनवाल के नेतृत्व में मंडी के चौकी इंचार्ज एसआई सचिन की देख रेख में मंडी गेट पर आम की पेटियों की चोरी को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने अपनी पुलिस टीम को अलर्ट कर दिया है।



आजादपुर मंडी में एएसआई महादेव और कांस्टेबल दशरथ गश्त कर रहे थे,जब उन्हें मंडी गेट पर धीमी गति से जा रहे ट्रक के पीछे से चढ़ते हुए संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। उसी दौरान देर ना करते हुए पुलिस ने अपनी बाइक ट्रक के पीछे लगा दी,जब ट्रक बालाजी चौक से मुड़ रहा था तभी संदिग्ध व्यक्ति ट्रक से तिरपाल निकाल कर भागने लगा,इस दौरान पुलिस टीम ने उस संदिग्ध को दौड़कर दबोच लिया। जिसकी पहचान (25 वर्षीय) प्रिंस जहांगीरपुरी के रूप में हुई है।

पुलिस ने उसके पास से तीन तिरपालें बरामद की है। पुलिस उसके और दूसरे साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है जिन्होंने कल एक ट्रक से आम की पेटियां चुरा कर नौ दो ग्यारह हो गए थे। आरोपी प्रिंस और उसके दूसरे साथी मंडी गेट पर बाहर से आने वाले ट्रैकों के पीछे से चढ़कर आम की पेटी सेब की पेटी अदरक के कट्टे हरी मिर्च के कट्टे ट्रक का रस्सा तिरपाल ट्यूब की रबड़े चोरी किया करते थे फिलहाल महिंद्रा पार्क पुलिस आरोपी के दूसरे साथियों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

## पाकिस्तान में आतंकवाद एक धंधा बन चुका है : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि भारत की सेनाएं आतंकवाद के खिलाफ सरहद के इस पार और उस पार प्रभावी कार्रवाई करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, यह तो पाकिस्तान ने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देख लिया है। मगर पाकिस्तान है कि एक जिद्दी बच्चे की तरह मानता ही नहीं है। इसलिए पूरी दुनिया के लिए यह जरूरी है कि पाकिस्तान पर आतंकवाद को लेकर हर तरह का रणनीतिक, कूटनीतिक और आर्थिक दबाव बनाया जाए।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवादियों को पनाह दी है, अपनी जमीन पर उन्हें ट्रेनिंग और कई तरह की मदद दी है। पहलगाम तो सिर्फ एक उदाहरण है, पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के गुनाहों की लिस्ट बहुत लंबी है। पाकिस्तान हर बार आतंकवाद को सही ठहराने की कोशिश में लगा रहता है। इसलिए जरूरी है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में, हम सिर्फ आतंकवादियों को ही नहीं, बल्कि उन्हें मदद करने वाले पूरे टेरर इंफ्रास्ट्रक्चर को भी खत्म करें।

रक्षा मंत्री ने कहा, "मैंने तो पहले भी पाकिस्तान को सलाह दी थी और आज फिर कहना चाहता हूं कि अगर आपसे पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है तो भारत की मदद लीजिए।"

रक्षा मंत्री का कहना था कि जब हम आतंकवाद के खतरे से मुक्त होंगे, तभी हम पूरी दुनिया में सही मायनों में शांति और प्रगति के साथ-साथ समृद्धि के लक्ष्य की तरफ बढ़ सकेंगे। यह सब तो पाकिस्तान की आम जनता भी चाहती है मगर वहां के हुक्मरानों ने पाकिस्तान को तबाही के रास्ते पर डाला हुआ है। कोई भी इंसान अपनी जड़ों को उजाड़ना नहीं चाहता, लेकिन चूंकि उनके पास कोई स्पष्ट दिशा नहीं है, कोई रोडमैप नहीं है, इसलिए पाकिस्तान में आतंकवाद एक धंधा बन चुका है।

रक्षा मंत्री ने याद दिलाते हुए कहा कि यह वही देश है जहां हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे घोषित आतंकवादी खुलेआम घूमते हैं और जहर उगलते हैं। जहां आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तान आर्मी के बड़े अफसर फातिहा पढ़ते नजर आते हैं। अब उसी पाकिस्तान से उम्मीद की जा रही है कि वह आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक समुदाय का नेतृत्व करेगा, यह किसी क्रूर मजाक से कम नहीं है। यह अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की नीयत और नीतियों दोनों पर गहरे सवाल खड़े करता है। यह आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई का उपहास है।

सबसे हालिया उदाहरण यह है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा पाकिस्तान को काउंटर टेररिज्म पैनल का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

# 'भारत की एकता और संयम को वैश्विक समर्थन', शशि थरूर ने विदेश दौरे को बताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरूर ने हाल ही में संपन्न पांच देशों के विदेश दौरे को लेकर अहम बयान दिया। थरूर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के पांचवें ग्रुप का नेतृत्व कर रहे थे, जिसे सरकार द्वारा भेजा गया था, ताकि पहलगाम में हुई घटना और उसके बाद भारत की प्रतिक्रिया को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया जा सके। थरूर ने अपने विदेश दौरे को हर दृष्टिकोण से सफल और सार्थक बताया।




शशि थरूर ने मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि जिन पांच देशों का प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया, वहां सभी जगह उन्हें सकारात्मक और सम्मानजनक स्वागत मिला। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकातें हुईं और हर स्थान पर भारत के रुख को गंभीरता और सहानुभूति के साथ सुना गया। जिन देशों से बातचीत हुई, उनमें से कई ने भारत द्वारा दिखाई गई संयमित प्रतिक्रिया की प्रशंसा की और कहा कि भारत ने जिस धैर्य के साथ स्थिति को संभाला, वह सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत की राजनीतिक एकता को दशार्ना और दुनियाभर के नीति निमार्ताओं, सांसदों, मीडिया, थिंक टैंक और प्रवासी भारतीयों को भारत की स्थिति से अवगत कराना था, जिसमें वह पूरी तरह से सफल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने सभी आवश्यक बिंदुओं को प्रमुखता से रखा और उन्हें हर मंच पर सकारात्मक प्रतिक्रिया भी प्राप्त हुई। उन्होंने आगे कहा कि हम थके हुए जरूर हैं, लेकिन संतुष्ट और खुश हैं कि हमने अपने कार्य को अच्छे ढंग से निभाया।

कोलंबिया में हुई बातचीत का जिक्र करते हुए थरूर ने बताया कि वहां की सरकार ने प्रारंभ में पाकिस्तानी पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए एक बयान जारी किया था, जो संदर्भ से बाहर था। लेकिन, जब भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पूरी स्थिति समझाई, तो उन्होंने अपना बयान तुरंत वापस ले लिया और वहां के कार्यवाहक विदेश मंत्री ने मीडिया के समक्ष भारत के रुख का समर्थन किया।

थरूर ने आगे कहा कि अमेरिकी सीनेटर जेडी वांस से हुई बैठक भी बेहद सार्थक रही। उन्होंने कहा कि जेडी वांस ने चीन के राष्ट्रपति और जर्मन चांसलर के साथ बैठक के बीच में हमें समय दिया और पूरे 20झ25 मिनट तक गंभीर चर्चा की गई।

उन्होंने बताया कि इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अपने सभी बिंदु स्पष्ट रूप से रखे और बदले में उन्हें संतोषजनक प्रतिक्रिया भी प्राप्त हुई। यह दौरा न केवल भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को मजबूत करने वाला रहा, बल्कि इसने यह भी दिखाया कि विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं के बावजूद भारत एकजुट होकर वैश्विक मंचों पर अपनी बात प्रभावी रूप से रख सकता है।

# कपिल सिब्बल ने उठाए सवाल, शेखर यादव मामले में सरकार और चेयरमैन पर साधा निशाना

**नई दिल्ली** । समाजवादी पार्टी से राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने मंगलवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर यादव के मामले को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रेसवार्ता में सरकार और राज्यसभा चेयरमैन पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या शेखर यादव को बचाने की कोशिश की जा रही है?

सिब्बल ने कहा कि शेखर यादव का बयान सार्वजनिक है और इसमें कोई दो राय नहीं है, फिर भी सुप्रीम कोर्ट की इन-हाउस प्रक्रिया को रोकने के लिए चेयरमैन ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) को पत्र लिखा। सिब्बल ने कहा कि 13 फरवरी 2025 को राज्यसभा चेयरमैन ने बयान दिया था कि जज शेखर यादव के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार संवैधानिक रूप से संसद और राष्ट्रपति के पास है। इसके बाद मार्च 2025 में राज्यसभा के महासचिव ने सीजेआई को पत्र लिखकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में आगे कार्रवाई नहीं करनी चाहिए, क्योंकि महाभियोग की प्रक्रिया संवैधानिक है और इसे संसद के जरिए ही आगे बढ़ाया जाएगा।

सिब्बल ने सवाल उठाया कि जब महाभियोग प्रस्ताव अभी स्वीकार भी नहीं हुआ है, तो इन-हाउस प्रक्रिया से इसका क्या संबंध है?



उन्होंने कहा कि इन-हाउस प्रक्रिया इसलिए बनाई गई थी, ताकि अगर कोई हाई कोर्ट जज अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन न करे, तो उसकी जांच हो सके।

सिब्बल ने जोर देकर कहा कि शेखर यादव का बयान सबके सामने है और उन्होंने इसे नकारा भी नहीं है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट को यह तय करना चाहिए था कि क्या ऐसा जज अपनी कुर्सी पर बैठने के लायक है। उन्होंने कहा कि महाभियोग की प्रक्रिया अलग है और इसका इन-हाउस जांच से कोई लेना-देना नहीं है। अगर सरकार को यह प्रक्रिया पसंद नहीं, तो इसे रद्द करने का अलग तरीका है। सिब्बल ने चेयरमैन के उस बयान पर भी सवाल उठाया जिसमें उन्होंने कहा कि उन्हें शेखर यादव मामले की जानकारी पब्लिक डोमेन से मिली। सिब्बल ने पूछा, "अगर पब्लिक डोमेन की जानकारी के आधार पर चेयरमैन ने सीजेआई को पत्र लिखा, तो जस्टिस यशवंत वर्मा के मामले में ऐसा क्यों नहीं किया गया?"

उन्होंने आरोप लगाया कि यशवंत वर्मा के खिलाफ जांच की खबरें भी पब्लिक डोमेन में थीं, लेकिन तब कोई पत्र नहीं लिखा गया।

सिब्बल ने कहा कि इससे लगता है कि सरकार शेखर यादव को बचाना चाहती है।

उन्होंने आगे कहा कि शेखर यादव 2026 में रिटायर हो जाएंगे, और ऐसा लगता है कि मामला तब तक लटकाया जाएगा। सिब्बल ने आशंका जताई कि या तो इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं होगी, या फिर 6-7 सांसदों के हस्ताक्षर को गलत बताकर महाभियोग प्रस्ताव खारिज कर दिया जाएगा।

## सांसद जॉन गरामेंडी का ट्रंप पर हमला, बोले- 'खुद को राजा समझते हैं, लेकिन जनता में फैला रहे हैं डर'

**लॉस एंजिल्स ।** कैलिफोर्निया से डेमोक्रेटिक कांग्रेस सदस्य जॉन गरामेंडी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लॉस एंजिल्स में हालिया विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिक्रिया को लेकर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ट्रंप खुद को 'देश का राजा' समझते हैं और ऐसा बर्ताव कर रहे हैं जैसे उनके पास असीमित अधिकार हो।सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार; गरामेंडी ने ट्रंप की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि हालिया आव्रजन छापों और उनके आदेशों से जो 'गंभीर जनविरोध' खड़ा हुआ है, वह अपेक्षित था। गरामेंडी ने कहा, 'वे अपराधियों को नहीं पकड़ रहे हैं, बल्कि8 ऐसे लोग निशाने पर हैं जो मेहनती हैं, परिवारों का हिस्सा हैं और कुछ तो स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं। ट्रंप प्रशासन ने पूरे देश में भय का माहौल पैदा कर दिया है। सांसद गरामेंडी ने कहा कि ट्रंप का रवैया लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। वे कानून का शासन नहीं, बल्कि शक्ति का शासन लागू करना चाहते हैं। यह संविधान और नागरिक स्वतंत्रता दोनों के लिए खतरा है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप की ओर से आव्रजन कानूनों को सख्ती से लागू करने के निर्देश के बाद अमेरिका के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। लॉस एंजिल्स में खास तौर पर बड़े पैमाने पर प्रवासी समुदायों में डर का माहौल है, जहां छापेमारी की खबरों के बीच स्कूलों और व्यवसायों पर असर पड़ा है।

## बांग्लादेश में नोबल विजेता टैगोर की ऐतिहासिक रवींद्र कचहरीबाड़ी पर हमला

**ढाका।** बांग्लादेश में नोबल विजेता गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की स्मृतियों से जुड़ी ऐतिहासिक रवींद्र कचहरीबाड़ी पर आज दोपहर से पहले कुछ युवकों ने हमला कर तोड़फोड़ की। पुलिस के दखल देने से गुस्साए युवक और उग्र हो गए। हमले के दौरान कर्मचारियों और आगंतुकों सहित पांच-छह लोगों को चोट आई है। द डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, पुलिस ने आज बताया कि आठ जून को मोटरसाइकिल पार्किंग को लेकर रवींद्र कचहरीबाड़ी के कर्मचारियों के साथ संभवतः इस समूह के लोगों का झगड़ा हुआ था। कचहरीबाड़ी के संरक्षक हबीबुर रहमान ने बताया कि युवकों ने आज सुबह करीब 11:30 बजे प्रवेश द्वार तोड़ दिया। सभागार, दरवाजे और खिड़कियों में तोड़फोड़ की। हालांकि हमले में कचहरीबाड़ी परिसर में बनी हवेली को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इस हवेली में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के नाम पर एक स्मारक संग्रहालय है। यह संग्रहालय सिराजगंज के शाहजादपुर उपजिला में है। हबीबुर ने कहा, हमले के समय परिसर में कुछ आगंतुक थे। वह यह सब देखकर घबरा गए। हम सबने हमले के दौरान शरण ली और तुरंत पुलिस को सूचित किया। उन्होंने कहा कि संग्रहालय की तरफ बढ़ रहे हमलावरों को कर्मचारियों ने रोकने की कोशिश की। इसी बीच पुलिस पहुंच गई। उन्होंने कहा कि हमले के दौरान कर्मचारियों और आगंतुकों सहित पांच-छह लोग घायल हो गए।

## ऑस्ट्रिया के स्कूल में गोलीबारी से 10 की मौत, 30 घायल, हमलावर भी मारा गया

**वियना (ऑस्ट्रिया)।** ऑस्ट्रिया के ग्राज में स्थित माध्यमिक स्कूल में गोलीबारी के दौरान कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। इस गोलीबारी 30 लोग घायल हुए हैं। उनमें से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वैन डेर बेलन ने शोक जताते हुए कहा कि इस भयावहता को शब्दों में नहीं व्यक्त किया जा सकता है। इस दौरान हमलावर को भी ढेर कर दिया गया।ऑस्ट्रिया के प्रमुख समाचार पत्र द गार्डियन, राष्ट्रीय प्रसारक ओआरएफ के अलावा देश के अन्य समाचार माध्यमों में इस गोलीबारी का ब्योरा दिया गया है। पुलिस ने पुष्टि की है कि स्कूल में अब लोगों को कोई खतरा नहीं है। पुलिस ने संदिग्ध हमलावर की मौत की पुष्टि की है। क्रोनन जीतुंग अखबार ने कम से कम 11 लोगों के मारे जाने की खबर दी है। मगर पुलिस ने पुष्टि की कि अभी तक 10 लोगों की मौत हुई है। राष्ट्रपति वैन डेर बेलन ने बयान में कहा, ऑस्ट्रिया शोक में है। इस भयावहता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। आज ग्राज के एक स्कूल में जो हुआ, वह हमारे देश के दिल को झकझोर कर रख देता है। उन्होंने कहा, ये युवा लोग थे। उनके सामने पूरा जीवन था। मारे गए लोगों के माता-पिता, दादा-दादी, भाई-बहन और दोस्तों के दर्द को कम करने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि देश इस दर्द को सहने के लिए एक साथ खड़ा है और दिखाएगा कि हमारी ताकत इस एकजुटता में निहित है।

## संदिग्ध भारतीयों को अवैध रूप से विदेश भेजे जाने के मामले में गृह सचिव भी जांच के दायरे में

**काठमांडू।** नेपाल के हवाई अड्डे से संदिग्ध भारतीयों को विदेश भेजे जाने के मामले में फंसे गृह मंत्री रमेश लेखक के बाद अब गृह सचिव गोकर्ण मणि दवाडी भी जांच के घेरे में आ गए हैं। नेपाल के एंटी करप्शन ब्यूरो ने गृह सचिव के ऊपर निगरानी बढ़ा दी है। भारत की सुरक्षा एजेंसी से कुछ आतंकियों और खालिस्तान समर्थकों की सूची मिलने के बाद भी इन सभी को नेपाल के रास्ते विदेश जाने दिया गया। इस मामले में अब तक गृह मंत्रालय के सह सचिव और एयरपोर्ट इमिग्रेशन विभाग के प्रमुख तीर्थराज भट्टराई से पूछताछ हो चुकी है। अब इस मामले की जांच तेज कर दी गई है और गृहसचिव की भूमिका की जांच की जा रही है। ब्यूरो के आयुक्त जयबहादुर चंद ने बताया कि पिछले 6 महीने में एक हजार से अधिक भारतीय नागरिकों को अवैध रूप से विदेश जाने दिया गया।

# इसे भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष न समझें, यह भारत बनाम 'आतंकिस्तान' है : विदेश मंत्री एस. जयशंकर

**एजेंसी**

**ब्रुसेल्स।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत किसी भी तरह के परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। देश सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस में विश्वास करता है। जयशंकर ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि और यूरोपीय आयोग के उपाध्यक्ष काजा कालास के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ÷यह वास्तव में दो देशों के बीच संघर्ष नहीं है। यह वास्तव में खतरे और आतंकवाद के अभ्यास का जवाब है। इसलिए मैं आपसे आग्रह करूंगा कि इसे भारत-पाकिस्तान के रूप में न सोचें, इसे भारत और 'आतंकिस्तान' के रूप में सोचें, आप समझ जाएंगे।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद वैश्विक समुदाय के लिए एक साझा और परस्पर जुड़ी चुनौती है, इस मामले पर मजबूत अंतर्राष्ट्रीय



सहयोग और समझ होना आवश्यक है। विदेश मंत्री जयशंकर और कालास भारत और यूरोपीय संघ के बीच पहली रणनीतिक वार्ता के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे, जहां दोनों पक्षों ने एक खुली और उपयोगी बैठक की, जिसमें समुद्री, साइबर और अंतरिक्ष सहित रक्षा और सुरक्षा पर चर्चा केंद्रित रही। कालास ने कहा, परमाणु धमकियों से कोई फायदा नहीं हो सकता। यह एक साझा चिंता का विषय है। हम देखते हैं कि दुनिया में अलग-अलग देश इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। इस वैश्विक रूप से बदलती दुनिया में हमें और अधिक साझेदारों की जरूरत है और इसलिए हम सुरक्षा और रक्षा के मामले में अपने सहयोग को बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि दोनों पक्षों ने यूरोप की स्थिति, यूक्रेन संघर्ष, मध्य पूर्व, भारतीय उपमहाद्वीप और हिंद-प्रशांत सहित वैश्विक व्यवस्था पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा, मेरी ब्रुसेल्स यात्रा यूरोपीय संघ के आयुक्तों के भारत दौरे के तीन महीने बाद हो रही है। उस समय भी यह स्पष्ट था कि विश्व व्यवस्था एक गहन परिवर्तन के दौर से गुजर रही थी। ये रुझान कई मायनों में और तेज हो गए हैं। हम बहुध्रुवीयता और रणनीतिक स्वायत्तता के युग में प्रवेश कर चुके हैं, जो भारत और यूरोपीय संघ के बीच गहरे संबंध बनाने के लिए दो महत्वपूर्ण ताकतें हैं।

## हमास को फंडिंग के आरोप में अमेरिका ने कथित 'फर्जी' फिलीस्तीनी चैरिटियों पर लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने एक बड़ा कदम उठाते हुए मध्य पूर्व, अफ्रीका और यूरोप में फैले पांच लोगों और पांच संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने इन पर हमास के सैन्य विंग को आर्थिक मदद पहुंचाने का आरोप लगाया है। इन संस्थाओं पर यह भी आरोप है कि वे गाजा पट्टी और अन्य क्षेत्रों में मानवीय कार्यों की आड़ में आतंकी फंडिंग कर रह थे।

**प्रतिबंधित संस्थाओं में प्रमुख नाम:** --अल-विआम चैरिटेबल सोसाइटी (गाजा स्थित): इस पर आरोप है कि यह हमास के नियंत्रण में है। इसके कार्यकारी निदेशक मोहम्मद सामी मोहम्मद अबू मरेई को भी प्रतिबंधित सूची में शामिल किया गया है।

-- फिलिस्तीन वक्फी (तुर्की आधारित): इस चैरिटी और इसके अध्यक्ष जेकी अब्दुल्ला इब्राहीम अरराबी पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं।

-- अन्य देशः अल्जीरिया, नीदरलैंड और इटली में स्थित कुछ अन्य चैरिटियों को भी प्रतिबंधित किया गया है, जिनके हमास या फिलिस्तीनी कट्टरपंथी समूहों से कथित संबंध हैं। इसके अलावा अमेरिका ने एक और संस्था पर भी कार्रवाई की है, जो फिलिस्तीनी संगठन 'पॉपुलर फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ फिलिस्तीन' (पीएफएलपी) से जुड़ी बताई जा रही है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग की 2024 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, आतंकी वित्तपोषण के लिए अब ऑनलाइन क्राउड फंडिंग का सहारा लिया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चूंकि अधिकांश ऑनलाइन फंडिंग वैध सामाजिक कार्यों के लिए होती है, इसलिए आतंकी फंडिंग की पहचान करना मुश्किल हो जाता है।

## लॉस एंजिल्स में प्रवासी विरोध प्रदर्शन के बीच ट्रंप ने की मरीन तैनाती, उठे सवाल

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रवासियों के खिलाफ जारी प्रदर्शनों को रोकने के लिए लॉस एंजिल्स में सैकड़ों मरीन तैनात करने के आदेश दिए हैं। लगभग 700 अमेरिकी मरीन सैन्य वाहनों के साथ शहर के बाहर एक अस्थायी स्थल पर पहुंचे। इसके साथ ही राष्ट्रपति ने 4,000 नेशनल गार्ड जवानों को भी सक्रिय कर दिया है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रंप ने कहा कि अगर सैन्य बलों की तैनाती नहीं होती, तो लॉस एंजेलेस अभी तक जल चुका होता। उन्होंने संकेत दिया कि यदि स्थिति और बिगड़ती है, तो वे 'इन्सरेक्शन एक्ट' लागू कर सकते हैं, जो सेना को नागरिक कानून व्यवस्था संभालने की अनुमति देता है। ट्रंप ने कहा कि हम कोई खतरा नहीं उठा सकते। लॉस एंजिल्स के कुछ हिस्सों में पहले से ही बगावत जैसे हालात हैं। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि



तैनात मरीन केवल संघीय संपत्तियों और अधिकारियों की सुरक्षा करेंगे। उन्हें आम नागरिकों की गिरफ्तारी का अधिकार नहीं होगा। सैन्य बलों की तैनाती की कुल लागत करीब 134 मिलियन डॉलर बताई जा रही है, जिसमें आवास, भोजन और यात्रा शामिल हैं। वहीं, कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम और लॉस एंजिल्स की मेयर करेन बैस ने ट्रंप के जवानों की तैनाती के कदम को अत्यधिक और अनावश्यक बताया है। राज्य के अधिकारियों के अनुसार, प्रदर्शन ज्यादातर शांतिपूर्ण रहे हैं और ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई जरूरत से ज्यादा आक्रामक है। गवर्नर न्यूसम ने सोशल मीडिया पर इस फैसले की आलोचना करते हुए लिखा, सोचिए, अगर यही राशि पूर्व सैनिकों के पोषण और आवास पर खर्च होती तो कितना अच्छा होता, बजाय इसके कि सैनिकों को राजनीतिक मोहरे की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है।

## लॉस एंजिल्स में हिंसा और तोड़फोड़ करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाईः मेयर करेन बैस

**एजेंसी**

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स की मेयर कैरन बैस ने स्पष्ट किया है कि शहर में चल रहे प्रवासी विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा, लूटपाट और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मेयर बैस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पर लिखा, स्पष्ट कर दूं- जो भी डाउनटाउन में तोड़फोड़ या लूटपाट में शामिल हुआ है, वह प्रवासी समुदायों की परवाह नहीं करता। ऐसे सभी लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

मेयर बैस ने बाद में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोहराया कि हिंसा और तोड़फोड़ करने वाले लोग वास्तव में प्रवासियों के समर्थन में नहीं हैं, बल्कि उनकी अपनी कोई अलग राजनीतिक मंशा है। उन्होंने कहा कि अगर आप वास्तव में प्रवासियों और उनके अधिकारों का समर्थन करते हैं, तो आप शहर को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। यह कार्रवाई किसी समर्थन की अभिव्यक्ति नहीं बल्कि शहर को कमजोर करने की साजिश है। करेन



बैस ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अशांति पूरे शहर में नहीं, बल्कि केवल डाउनटाउन के कुछ ब्लॉकों तक सीमित है। हालांकि, दीवारों पर की गई भित्तिचित्र और तोड़फोड़ कई क्षेत्रों तक फैल गई है, जिससे पूरी नगरी प्रभावित दिख रही है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश, मीडिया में जो दृश्य दिखाए जा रहे हैं, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे पूरा लॉस एंजिल्स जल रहा हो लेकिन हकीकत इससे अलग है मेयर ने पुलिस विभाग से आश्वासन मिलने का हवाला देते हुए कहा कि तोड़फोड़ करने वाले चाहे उस रात अपने घर लौट गए हों, वे कार्रवाई से नहीं बच पाएंगे। पुलिस विभाग द्वारा सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और अन्य सबूतों के आधार पर जांच जारी है, और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो तख्तापलट साजिश मामले में सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए

**एजेंसी**

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जैर बोल्सोनारो देश की सर्वोच्च अदालत के समक्ष एक कथित तख्तापलट योजना में पहली बार गवाही देने के लिए पेश हुए। यह मामला वर्ष 2022 के राष्ट्रपति चुनाव परिणाम को पलटने और सत्ता में बने रहने की कथित साजिश से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट की एक विशेष पीठ इस बहुचर्चित मामले की सुनवाई कर रही है, जिसमें बोल्सोनारो सहित उनके सात प्रमुख सहयोगियों पर पांच गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोपों में तख्तापलट की कोशिश, सशस्त्र आपराधिक संगठन में संलिप्तता, लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को बलपूर्वक समाप्त करने का प्रयास, राष्ट्रीय धरोहर को नुकसान पहुंचाना और उसकी क्षति करना शामिल है। अगर बोलसोनारो पर तख्तापलट का आरोप सिद्ध होता



है, तो उन्हें 12 साल तक की जेल की सजा हो सकती है, और अन्य आरोपों के साथ कुल सजा कई दशकों तक बढ़ सकती है।

पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है। उनके साथ पूर्व रक्षा मंत्री और उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार वॉल्टर ब्रागा नेटो, पूर्व मंत्री एंडरसन टॉरेस, ऑगस्टो हेलेनो और पूर्व सहयोगी मौरो सिड जैसे प्रमुख नाम भी इस मामले में आरोपित हैं। हालांकि बोल्सोनारो के पूर्व सहयोगी मौरो सिड ने पुलिस से गोपनीय समझौता (प्ली बार्गेन) किया है और अदालत में गवाही देते हुए बताया कि बोल्सोनारो ने उस दस्तावेज को पढ़ा और संपादित किया था, जिसमें चुनाव परिणाम को अमान्य करने की योजना थी। सिड ने यह भी दावा किया कि बोल्सोनारो ने अपने समर्थकों द्वारा सेना मुख्यालयों के बाहर लगाए गए शिविरों में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। यही समर्थक बाद में 08 जनवरी 2023 को ब्रासीलिया में हुई हिंसा में शामिल पाए गए, जब सुप्रीम कोर्ट, संसद और राष्ट्रपति भवन पर हमला किया गया। ब्राजील के अटॉर्नी जनरल पाउलो गोनेट ने अदालत में दावा किया कि यह दंगा उस बड़े षड्यंत्र का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य चुनाव परिणाम को पलटना था। उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोराइस की हत्या की भी योजना थी, जो अंतिम क्षणों में इसलिए टल गई क्योंकि सेना प्रमुख ने इसमें सहयोग नहीं किया।

## यूक्रेन पर रूस का भीषण ड्रोन और मिसाइल हमला, 3 की मौत, 13 घायल

**एजेंसी**

**कीव/ओडेसा।** रूस न सुबह यूक्रेन के दो प्रमुख शहरों कीव और ओडेसा पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए, जिनमें कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस हमले को तीन साल पुराने युद्ध के सबसे बड़े हमलों में से एक बताया है। जेलेंस्की ने एक बयान में कहा कि रूस ने सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक 315 से अधिक ड्रोन (अधिकतर ईरानी शाहेद ड्रोन्स) और 7 मिसाइलें दागीं। उन्होंने कहा, रूसी मिसाइल और शाहेद हमलों की आवाजें, अमेरिका और दुनिया के दूसरे देशों की शांति की अपीलों से कहीं अधिक तेज हैं। उन्होंने अमेरिका और यूरोप से ठोस कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि केवल बयानबाजी से रूस नहीं रुकेगा। ओडेसा क्षेत्र के प्रमुख ओलेह कीपर ने बताया कि हमले में एक मातृ अस्पताल और कई आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं। क्षेत्रीय अभियोजक कार्यालय के अनुसार, दो लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हुए हैं। वहीं, कीव के ओबोलोंस्की जिले में एक और नागरिक की जान चली गई। कीव क्षेत्रीय प्रमुख तिमूर त्काचेंको ने टेलीग्राम पर बताया कि यह हमला सैन्य ठिकानों पर नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन पर हुआ, जो रूस की युद्धनीति की असली प्रकृति को दर्शाता है। यह ताजा हमला उस समय हुआ जब एक दिन पहले ही रूस ने यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला (लगभग 500 ड्रोन) किया था। साथ ही दो जून को इस्तांबुल में सीधी शांति वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने युद्धविराम की शर्तों पर ज्ञापन का आदान-प्रदान किया था। हालांकि, दोनों पक्षों द्वारा रखी गई कई शर्तें एक-दूसरे के लिए अस्वीकार्य मानी जा रही हैं।

# ब्रिटेन समेत पांच देशों ने इजराइल के दो कट्टरपंथी मंत्रियों पर लगाए प्रतिबंध, वेस्ट बैंक में हिंसा भड़काने का आरोप

**एजेंसी**

**जेरूसलम।** ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड और नॉर्वे ने एक बड़ा कदम उठाते हुए इजराइल सरकार के दो कट्टरपंथी मंत्रियों पर प्रतिबंध लगाया है। इन नेताओं पर इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फिलीस्तीनियों के खिलाफ उग्र हिंसा भड़काने और मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन करने का आरोप है। इन प्रतिबंधों की जद में आए हैं राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर और वित्त मंत्री बेजालेल स्मोत्रिच, जो प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार के मुख्य सहयोगी हैं। ये दोनों मंत्री वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों के विस्तार और गाजा पट्टी में युद्ध जारी रखने के पक्षधर माने जाते हैं। अब इन पर यात्रा प्रतिबंध और संपत्ति जब्ती जैसे कड़े कदम लागू किए जा सकते हैं।



संयुक्त बयान में इन पांच देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा कि बेन-गवीर और स्मोत्रिच ने चरमपंथी हिंसा को प्रोत्साहित किया है और फिलीस्तीनी मानवाधिकारों का गंभीर दुरुपयोग किया है। इनकी वह बयानबाजी जिसमें फिलीस्तीनियों के बलपूर्वक विस्थापन और नई यहूदी बस्तियों की बात की जाती है, निंदनीय और खतरनाक है। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा कि ये दोनों मंत्री महीनों से फिलीस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को भड़का रहे हैं और मानवाधिकारों के खुलेआम उल्लंघन को बढ़ावा दे रहे हैं। इजराइली विदेश मंत्रालय ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उसे प्रतिबंधों की जानकारी पहले ही दे दी गई थी। वित्त मंत्री स्मोत्रिच ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें प्रतिबंधों की खबर तब मिली जब वे वेस्ट बैंक में एक नई यहूदी बस्ती का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा, हम फिर भी निर्माण करते रहेंगे। हमने फिरौन को पछाड़ा था, स्टॉर्मर की दीवार को भी गिरा देंगे। वहीं, बेन-गवीर ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री की ओर इशारा करते हुए सोशल मीडिया पर तंज कसा। उन्होंने इन प्रतिबंधों को अत्यधिक अपमानजनक बताया और कहा कि वे प्रधानमंत्री नेतन्याहू से मिलकर इस पर इजराइल की प्रतिक्रिया तय करेंगे।

## पुलिस इनकाउंटर में दो भारतीय ड्रग्स कारोबारी गिरफ्तार

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस के नारकोटिक्स सेल ने दो ड्रग्स कारोबारी को इनकाउंटर कर गिरफ्तार किया है। इन दोनों के भारतीय नागरिक होने की जानकारी दी गई है।

काठमांडू के टोखा में रहे ग्रांडी अस्पताल के पास ड्रग्स कारोबारी के आने की पूर्व सूचना के आधार पर नारकोटिक्स सेल ने इनकी गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया था। लेकिन पुलिस के होने की जानकारी मिलते ही दोनों ड्रग्स कारोबारी भागने लगे। नारकोटिक्स सेल के एसएसपी कृष्ण कोइराला ने बताया कि पुलिस द्वारा आत्म समर्पण के लिए कहे जाने के बाद भी जब ये भागने लगे तब पुलिस को गोली चलानी पड़ी। व्यस्त इलाके में पुलिस द्वारा गोली चलाने से दोनों आरोपी घायल हो गए। पुलिस का दावा है कि ड्रग्स कारोबारी के हमले में एक पुलिस वाले को भी चोट आई है। एसएसपी कोइराला ने कहा कि आरोपियों ने एक पुलिस वाले पर रॉड प्रहार किया जिससे वह



घायल हो गया। उसके बाद ही पुलिस को घुटने के नीचे गोली चलानी पड़ी। पुलिस इनकाउंटर में घायल हुए पश्चिम बंगाल इस्लामपुर के 40 वर्षीय सशिक आलम और 22 वर्षीय मोहम्मद मंजूर आलम है। इसी तरह पटना दानापुर के 20 वर्षीय सुमित कुमार और 25 वर्षीय चंदन जयसवाल को भी ड्रग्स के कारोबार में संलग्न होने के आरोप में काठमांडू के सुन्धारा से गिरफ्तार किया है।

## अमेरिकी संगीतकार स्ली स्टोन का 82 वर्ष की आयु में निधन

**एजेंसी**

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी संगीतकार स्ली स्टोन (पूरा नाम साइवरस्ट स्टोन) का 82 वर्ष की आयु में कल निधन हो गया। %स्ली एंड द फैमिली स्टोन% फंक बैंड समूह नेता स्टोन काफी समय से सीओपीडी (क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्होंने परिवार के सदस्यों के बीच अंतिम सांस ली। द गार्डियन अखबार की खबर के अनुसार, उनके बैंड ने 1960 के दशक के अंत और 1970 के दशक की शुरुआत में धूम मचाई । स्ली स्टोन को 1969 में वुडस्टॉक संगीत समारोह में शानदार प्रदर्शन के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है। इस समारोह में उन्होंने अपने फंक और हिप्पी संस्कृति से प्रेरित संगीत का प्रदर्शन किया। स्ली स्टोन ने फंक, ग्रूव्स और सिंकोपेटेड लय से संचालित संगीत की अफ्रीकी-केंद्रित शैली को लोकप्रिय बनाने में मदद की। अमेरिकी संगीतकार स्ली स्टोन ने कई पीढ़ियों को डांसफ्लोर पर थिरकने को मजबूर कर दिया। 1943 में टेक्सास में एक पेंटेकोस्टल धार्मिक परिवार में सिल्वेस्टर स्टीवर्ट के रूप में जन्मे स्टोन सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र में पले-बढ़े। उनका पहला संगीत तीन भाई-बहनों, स्टीवर्ट फोर के साथ एक गॉस्पेल चौकड़ी में आया। इसे 1952 में स्थानीय रूप से रिलीज किया गया।

# पाकिस्तान ने अपना रक्षा बजट 20 फीसदी बढ़ाया, फिर भी भारत से 9 गुना कम

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए रक्षा बजट में 20न की भारी वृद्धि की घोषणा की है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व में पेश किए गए बजट में 2.55 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये (लगभग 9 अरब डॉलर) रक्षा मद में आवंटित किए गए हैं, जो कि इस वर्ष समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के 2.12 ट्रिलियन रुपये (7.45 अरब डॉलर) से काफी अधिक है। यह वृद्धि ऐसे समय में की गई है जब पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के निर्णायक सैन्य हमलों का सामना करना पड़ा था। अहम बात यह है कि पाकिस्तान ने जहां कुल सरकारी खर्च में 7 फीसदी की कटौती करते हुए उसे 17.57 ट्रिलियन रुपये (62 अरब डॉलर) कर दिया है, वहीं रक्षा खर्च को प्राथमिकता दी गई है। हालांकि, सेना पेंशन मद (563 अरब रुपये) को आधिकारिक रक्षा बजट में शामिल नहीं किया गया है। इसके




आलवा, पाकिस्तान ने वर्ष 2024-25 के लिए लक्षित 5.9 फीसदी के मुकाबले सकल घरेलू उत्पाद के 3.9 प्रतिशत घाटे का अनुमान लगाया है। जबकि मुद्रास्फीति 7.5 प्रतिशत और विकास 4.2 प्रतिशत अनुमानित किया गया। दक्षिण एशियाई राष्ट्र अपने पड़ोसी के साथ लगभग तीन दशकों में सबसे खराब लड़ाई के बाद अपनी सुरक्षा को मजबूत करते हुए विकास को गति देना चाहता है और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष वित्त कार्यक्रम की सख्ती को पूरा करना चाहता है। प्रधानमंत्री शरीफ ने एक बयान में कहा, पारंपरिक युद्ध में भारत को हराने के बाद, अब हमें आर्थिक क्षेत्र में उससे आगे निकलना है। पाकिस्तान को अपने सबसे बड़े निर्यात बाजार, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा लगाए जा रहे नए आयात शुल्क की अनिश्चितता से भी निपटना होगा। दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के कई आतंकी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था। तब पाकिस्तान का डिफेंस सिस्टम पूरी तरह फेल हो गया था। इसी के बाद पाक सरकार ने रक्षा बजट में अप्रत्याशित 20 फीसदी की बढोतरी की है। हालांकि तमाम कोशिशों के बाद भी वो भारत के 78.7 अरब डॉलर के रक्षा बजट से काफी पीछे है। भारत के रक्षा बजट में 21 अरब डॉलर तो सिर्फ हथियार और उपकरण पर खर्च करने के लिए निर्धारित किए गए हैं।

